मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 108 | बुधवार, 10 जुलाई 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

असफल शादियों पर श्वेता तिवारी का छलका दर्द

## 10 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत



- शांतिनगर परिसर की घटना
- पानी की मोटर से लगा करंट

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-3 स्थित शांतिनगर परिसर के श्मशान भूमि के पास इंदिरा नगर निवासी निलेश वाघेला ने पानी की मोटर लगाई हुई थी उसके पास में रहने वाले अर्जुन वाघेला का 10 वर्षीय पुत्र गोकुल वहां से जा रहा था कि पानी की मोटर पर से हाथ लग जाने से उसे जोरदार करंट लग गया। गोकुल को उपचार हेतु सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। बारिश के दौरान शहर में आए दिन बिजली के खंभे से इस तरह के हादसों से सतर्क रहने की अपील की गई है। बिजली विभाग को भी बिजली के खंभों व ट्रांसफार्मर की खुली तारों की ओर ध्यान देने को कहा गया है ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# बारवी डैम में 31.13% पानी

**पानी कटौती टली**

## बारवी डैम परिसर में अच्छी बारिश से जलस्तर बढ़ा

**581** मिमी अब तक हुई बरसात

**84** मिमी. बरसात डैम परिसर में

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** गत दो दिनों से हो रही बारिश से बारवी डैम का जलस्तर 4% तक बढ़ गया है. अगर इसी तरह से बारिश होती रही तो 15 जुलाई से होनेवाली जलापूर्ति को जलापूर्ति विभाग रोक सकता है. गत दो दिनों से बारवी डैम परिसर में 84 मिमी. बरसात हुई है. अब तक यहां 581.00 मिमी बरसात हुई है.

गत वर्ष के मुकाबले में ये कम बारिश रिकार्ड की गई है. गत वर्ष डैम का लेवल 62.25 मीटर था. डैम में 130.20 एमसीएम पानी था. लेकिन इस वर्ष मंगलवार तक पानी का लेवल 60.48 मीटर है. डैम में पानी 105.48 एमसीएम और 31.13% पानी है, जबकि तीन दिन पूर्व तक डैम में 27% पानी था और बारिश भी जोरदार नहीं हो रही थी. इसलिए पानी कटौती की आशंका जताई जा रही थी.



जलापूर्ति विभाग ने 15 जुलाई के बाद पानी कटौती की घोषणा भी कर दी थी. विदित हो कि बारवी डैम से ठाणे जिला, अंबरनाथ, उल्हासनगर, नवी मुंबई, मीरा भायंदर, कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका, एमआईडीसी क्षेत्र को जलापूर्ति की जाती है.

अंबरनाथ तालुका के बारवी डैम की क्षमता 338.84 दशलक्ष घनमीटर है. अब दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से सभी ने राहत की सांस ली है. शुक्रवार तक यहां केवल 347 मिमी. बारिश हुई थी और पानी का जलस्तर 27% था, जो अब बढ़कर 31.13% हो गया है. यानी 4 फीसदी पानी बढ़ा है, जो कि राहत की खबर है. अगर इसी तरह बारिश होती रही तो अगस्त के आखिरी सप्ताह या सितंबर में डैम भर सकता है.

## ग्राहक बना चोर, मोबाइल फोन उड़ाया


- घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- दुकानदार हो जाएं सर्तक

**उल्हासनगर.** कैम्प-3 स्थित 17 सेक्शन में डीएल इलेक्ट्रॉनिक दुकान में एलसीडी टीवी खरीदने आए एक ग्राहक का मोबाइल फोन ग्राहक बनकर आए चोर ने चोरी कर लिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर ने सफाई दिखाते हुए रुमाल की मदद से इस चोरी को अंजाम दिया। पुलिस में चोरी का मामला दर्ज किया गया है। दुकानदारों और ग्राहकों को सर्तक रहने की अपील पुलिस ने की है।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी से परेशान रिक्शा चालक ने किया आत्महत्या का प्रयास

- म्हारल गांव की घटना
- 11 हजार का काटा चालन
- हर माह 300 रुपए की मांग
- ट्रैफिक पुलिस की अवैध वसूली से जनता त्रस्त
- फोटो निकालने के बाद क्यों रुकाई जाती है गाड़ी





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में ट्रैफिक पुलिस की अवैध वसूली से जनता इतनी त्रस्त हो चुकी है कि आत्महत्या करने को मजबूर हो गई है। कल रात एक ट्रैफिक पुलिस से परेशान एक रिक्शा चालक द्वारा फिनाइल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश करने की घटना घटी है.

इन दिनों ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक वार्डन से मिलकर वाहन चालकों काद फोटो निकाला जाता है और दंड का चालान काटने के बावजूद बिना पावती पैसे लिए जा रहे हैं। ट्रैफिक समस्या तो हल नहीं होती उल्ट गरीब वाहन चालक इनका शिकार हो रहे हैं। ऐसे में उल्हासनगर के म्हारल पुलिस स्टेशन में कार्यरत ट्रैफिक कांस्टेबल गणेश बोडके से तंग आकर ने एक रिक्शा चालक फिनाइल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसने आज आत्महत्या करने की कोशिश इसलिए की क्योंकि गणेश बोडके ने रिक्शा चालकों से प्रति माह 300 रुपये की मांग की थी, जो भुगतान नहीं करने पर रिक्शा चालकों पर 8 दिनों में 11 हजार का दंड भी वसूला है। आत्महत्या का प्रयास करने वाले रिक्शा चालक को तुरंत इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कालानी के गुंडों ने की महिला से मारपीट

- पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो महिलाएं आंदोलन करेगी - सोनिया धामी
- पुलिस की अनदेखी बर्दाश्त नहीं -धामी
- पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करें - जान्हवी





**उल्हासनगर।** राकांपा शरद पवार गुट की महिला कार्यकर्ता को कालानी के गुंडों ने उनके किराए के पार्लर दुकान से धक्के मारकर बाहर निकाला और मारपीट भी की। ऐसा आरोप किराएदार जान्हवी हरचंदानी ने लगाया है। उल्हासनगर पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही थी और दबाव के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में राकांपा अजित पवार गुट के प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने महिला आयोग से इस विषय में बात की है पीड़िता जाह्नवी हरचंदानी को इंसाफ दिलाने की मांग की है और कहा कि पुलिस मामले को अनदेखा कर रही है उसे बर्दाश्त नहीं किया अगर महिला को इंसाफ नहीं मिला तो शहर की महिलाएं रास्ते पर उतरकर आंदोलन करेगी।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर-1 स्थित बेवस चौक पर नेचर सैलून नामक दुकान है जिसकी किराएदार जानवी हरचंदानी है इस दुकान के मालिक शंकर कुकरेजा ने उनसे एग्रीमेंट के तहत यह दुकान किराए पर दी थी लेकिन एग्रीमेंट की मुद्दत पूरी होने से पूर्व शंकर कुकरेजा जोकि एक जुआ का अड्डा भी चलाते हैं ने अपनी किराएदार को गुंडों की मदद से जबरदस्ती दुकान खाली कराया और महिला से गाली गलौच व मारपीट की। महिला ने वीडियो रिकॉर्डिंग सबूत के तौर पर पुलिस को दिखाया और पुलिस ने दुकान मालिक सहित कुछ गुंडों पर केवल एनसी दाखिल किया था। इस विषय में महिला जानवी हरचंदानी ने बताया कि वो राकांपा शरद पवार गुट की महिला कार्यकर्ता हैं और उन्हें दुकान से बाहर निकालने वाले उनके ही पक्ष के कार्यकर्ता है जो कालानी के लिए काम करते हैं। पुलिस ऐसे गुंडों पर कोई कार्रवाई नहीं करती। ऐसे में राकांपा अजित पवार गुट की प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए राकांपा अजित पवार गुट की महिला प्रदेशाध्यक्ष रूपाली चाकणकर से इस बात को अवगत कराया और महिला आयोग से भी इसकी शिकायत की और आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। महिला आयोग एक्शन मोड में आ गई है.

## चांदनी व राखी डांस बार पर कार्रवाई









- मनपा ने की कार्रवाई
- ठाणे व कल्याण मनपा के मुकाबले उल्हासनगर की ढीली कार्रवाई

**ढाबे, लॉजिंग, परमिट रुम, ऑनलाइन जुआ, गेमिंग पार्लर, चाईनीज ढाबे व हुक्का पार्लर पर कार्रवाई कब?**

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा कुछ दिनों पूर्व कैम्प 3 श्रीराम चौक स्थित दो डांस बार एंजेल और एप्पल पर कार्रवाई की गई थी. लेकिन इसके बाद डांस बारों पर कार्रवाई का दौर रोक गया था इसलिए विभिन्न स्तरों से प्रशासन की आलोचना व मनपा की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे थे, जिसके बाद प्रशासन ने कैंप नंबर 3 स्थित वर्षा डांस बार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की.

सहायक आयुक्त गणेश शिंपी के नेतृत्व में मनपा ने आज उल्हासनगर कैंप 3 के 17 सेक्शन क्षेत्र में स्थित दो डांस बार चांदनी और राखी बार पर कार्रवाई की है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर पूरे महाराष्ट्र में इस तरह की कार्रवाई की जा रही है. केवल उल्हासनगर में धीमी कार्रवाई चल रही है।

उल्हासनगर शहर में ऐसे कई अनाधिकृत डांस बार, ढाबे, लॉजिंग, परमिट रुम, ऑनलाइन जुआ, गेमिंग पार्लर, चाईनीज ढाबे व हुक्का पार्लर हैं और इन पर कब कार्रवाई होगी यह देखना अहम होगा।

**महेश सुखरामानी द्वारा आयोजित**

## 'मेरी लाडली बहन योजना' कैम्प 12 जुलाई से शुरू

**तीन दिवसीय कैंप का लाभ लें -महेश सुखरामानी**



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र की भाजपानित महायुति सरकार की ओर से हाल ही में घोषित की गयी 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' के तहत 21 से 65 वर्ष आयु वर्ग की जरूरतमंद पात्र महिलाओं को हर माह 1500 रूपये उनके बैंक अकाउंट में जमा करवाने की योजना का लाभ उल्हासनगर की सभी पात्र महिलाओं को दिलवाने के लिए उल्हासनगर के पूर्व भाजपा नगरसेवक तथा महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने भी प्रयास तेज कर दिये है. इसी कड़ी में सुखरामानी के विशेष प्रयासों से इस बाबत एक शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसका लाभ लेने की अपील की गयी है।

सुखरामानी ने बताया कि 21 से 65 वर्ष आयु की पात्र महिलाओं को 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' का लाभ दिलवाने के लिए 12, 13 और 14 जुलाई को माता मंजदेवी हॉल, बेवस चौक के पास, उल्हासनगर-2 में एक शिविर आयोजित किया गया है, जहां महिलाओं को इस योजना के बारे में जानकारी दी जायेगी साथ ही फार्म भी भरवाये जायेंगे, ताकि हर महिला को इस योजना का लाभ मिल सके।

## डंपिंग हटाओ आंदोलन

**कांग्रेस ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी**



- हजारों नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में

**उल्हासनगर.** कांग्रेस पार्टी खड़ी खदान में डंपिंग ग्राउंड को हटाने के लिए मनपा से बात कर रही है. डंपिंग ग्राउंड से हजारों नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने बुधवार से अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है.

उल्हासनगर कैंप नंबर-5, खड़ी खदान स्थित डंपिंग ग्राउंड ओवरफ्लो हो गया है और इसकी क्षमता खत्म हो गई है। गर्मी और सर्दी में डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा जलाने से इलाका धुएं से भर जाता है। बरसात के दिनों में क्षेत्र में डंपिंग की दुर्गंध फैल जाती है। स्थानीय नागरिक बता रहे हैं कि डंपिंग एरिया में सैकड़ों लोग खुजली, त्वचा रोग, अस्थमा, टीबी आदि से संक्रमित हो गए हैं। स्थानीय लोग 24 घंटे खुले रहनेवाले अस्पताल की मांग कर रहे हैं। जैसे ही सरकार ने डंपिंग के लिए एक वैकल्पिक स्थान प्रदान किया, स्थानीय नागरिकों, नगरसेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डंपिंग को हटाने की मांग की। इसके लिए स्थानीय नागरिकों ने समय-समय पर सड़क जाम, भूख हड़ताल, धरना आंदोलन किये. कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने आरोप लगाया कि मनपा प्रशासन इस बारे में कुछ नहीं बता रहा है कि डंपिंग की क्या स्थिति है, इसे कहां और कब हटाया जाएगा?

## 70 हजार की घूस लेते FDA इंस्पेक्टर अरेस्ट



- मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के लिए मांगे थे एक लाख रु.

**कल्याण.** मेडिकल स्टोर का लाइसेंस देने के नाम पर 70 हजार रुपए रिश्वत लेने वाले ठाणे के एफडीए इंस्पेक्टर सहित एक निजी व्यक्ति को नवीमुंबई एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी नवीमुंबई के अधिकारी संतोष पाटिल ने बताया कि पडघा, भिवंडी के रहने वाले हीरामन पटेल मेडिकल स्टोर शुरू करने वाले थे, जिसके लाइसेंस के लिए उन्होंने ठाणे एफडीए कार्यालय में अप्लाई किया था। एफडीए के निरीक्षक संदीप नारायण नरवणे ने एक निजी व्यक्ति के माध्यम से मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के लिए एक लाख रुपए की मांग की थी, जिसमें मोलभाव के बाद मामला 70 हजार में तय हुआ। एसीबी नवीमुंबई की टीम ने मंगलवार सुबह कल्याण के डी-मार्ट के पास 70 हजार नकद रिश्वत लेते हुए एफडीए इंस्पेक्टर संदीप नरवणे और एक निजी व्यक्ति सुनील चौधरी को रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी के पुलिस निरीक्षक संतोष पाटिल के अनुसार गिरफ्तारी के बाद इस घटना की शिकायत कल्याण के महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दी गई है, और आगे की जांच पुलिस कर रही है।

## हाजीमलंग क्षेत्र में पर्यटकों बढ़ रही संख्या

- जान जोखिम में डालकर जश्न मनाते हैं पर्यटक



**कल्याण.** जिले में बरसात के मौसम में प्रकृति का आनंद लेने आए पर्यटकों की दुर्घटनाएं शुरू हो गई हैं। इसलिए, ठाणे कलेक्टर अशोक शिंगारे ने पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए निषेधाज्ञा की घोषणा की है। इसमें अंबरनाथ तालुका के पर्यटन स्थलों की भी जानकारी दी गई है। लेकिन हाजीमलंग क्षेत्र, जो सरकार की पर्यटन स्थलों की सूची में है और जहां हर साल नदी में दुर्घटनाओं के कारण पर्यटकों की मौत हो जाती है, को शामिल नहीं किया गया। इसलिए इस समय हाजीमलंग क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटक देखने को मिल रहे हैं।

ठाणे जिले के हाजीमलंग क्षेत्र में नदी तल में अप्रत्याशित जल प्रवाह के कारण हर साल पर्यटकों की जान चली जाती है। दिलचस्प बात यह है कि इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता हमेशा पर्यटकों को आकर्षित करती है। लेकिन झरने और पानी के अप्रत्याशित होने के कारण पर्यटकों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

इस वर्ष जिले में पर्यटक दुर्घटनाओं की घटनाओं के बाद जिला कलेक्टर ने तत्काल निषेधाज्ञा की घोषणा कर दी है. हालाँकि, इस आदेश में हाजीमलंग क्षेत्र शामिल नहीं है जहाँ हर साल पर्यटक दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है और इस क्षेत्र में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। हाजीमलंग की नदी घाटियों और पहाड़ी झरनों को देखने के लिए पर्यटकों का उत्साह अब बढ़ता नजर आ रहा है. हाजीमलंग की पहाड़ियों पर झरने पर पानी के साथ पत्थर आने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। लेकिन उसके बाद भी हाजीमलंग इलाके में पर्यटक बड़ी संख्या में नजर आ रहे हैं. इन पर्यटकों में अधिकतर स्कूली छात्र शामिल हैं। क्या जिला प्रशासन अंबरनाथ तालुका के हाजीमलंग क्षेत्र में दुर्घटना होने से पहले प्रतिबंध लगाएगा? ये देखना अहम होगा. अंबरनाथ तालुका के हाजीमलंग इलाके में काकड़वाल ब्रिज, खराड बांध, कुशीवली नदी, झरनों में बड़ी संख्या में पर्यटक देखे जा रहे हैं। अतः क्या दुर्घटना का मौसम शुरू होने से पहले कलेक्टर हाजीमलंग क्षेत्र में पर्यटकों को रोकेंगे? ये देखना अहम होगा.

## अंबरनाथ में भूमिपुत्र पक्ष का तीसरा वर्धापन दिन मनाया गया

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** भूमिपुत्र पक्ष का तीसरा वर्धापन दिन अंबरनाथ के पनवेलकर सभागृह में बुधवार को मनाया गया. कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर पत्रकार परिषद का भी आयोजन हुआ, जिसमें पक्ष के अध्यक्ष चंद्रकांत मोटे ने उपस्थितों का स्वागत किया. बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनका पक्ष महाराष्ट्र में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़ा करेगा. उन्होंने बताया कि अंबरनाथ नपा एवं उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव में भी वह अपने उम्मीदवार खड़ा करेगा. मोटे ने बताया कि पक्ष ने जनहित में बहुत सारे कार्य किए हैं. किसानों को न्याय दिलाकर दिया. महिलाओं, युवकों की समस्याओं को लेकर वह दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं. लोकसभा में उनके पक्ष ने कल्याण लोकसभा के उम्मीदवार श्रीकांत शिंदे को समर्थन दिया था. अनेक शहरों के रास्ते, गटर, बिजली की समस्या को हल किया गया है. आगे भी वह ऐसे जनहित में कार्य करते रहेंगे. अध्यक्ष चंद्रकांत मोटे द्वारा आयोजित वर्धापन दिन पर उल्हासनगर शहराध्यक्ष हरेश भाटिया, अंबरनाथ उपाध्यक्ष निसार मोमिन, सुजित डाके, चंद्रकांत पाटिल, नरेंद्र कांबले, संतोष शिंदे आदि उपस्थित थे.



## खबरें गांव की...

### महोबा में भीषण सड़क हादसा: बाइकों की आपसी भिड़ंत में चार जिंदा जले, 3 घायल

**महोबा.** यूपी के महोबा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां बाइकों की आपसी भिड़ंत में चार लोगों की जिंदा जलने की खबर है। वहीं, तीन गंभीर रूप से झुलस गए हैं। ये घटना श्रीनगर क्षेत्र के कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ है। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### बलिया में दो गुटों की हिंसक झड़प में बीच-बचाव करने आयी महिला की मौत, दो अन्य घायल

**बलिया.** बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आयी एक महिला की गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इस घटना में दो युवक भी घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने मंगलवार को बताया कि रसड़ा थाना क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के उत्तर पट्टी मोहल्ले में सोमवार की रात धनजी राजभर उर्फ गोलू राजभर और अन्य की अभिषेक राजभर के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों को गंभीर चोटें आई। सीओ ने बताया कि मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आयी महिला रमावती देवी (60) को भी गंभीर चोटें आ गयी। इस सूचना पर तत्काल उच्च अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने रमावती को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक में पीछे से टकराई बस, 5 की मौत, 11 घायल

**अमेठी.** अमेठी में शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। 48 यात्रियों को दिल्ली से बिहार के सीवान के लिए लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रक में जा टकराई। जिससे बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में बस पर सवार 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से पांच लोगों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। एसपी के साथ ही अन्य अधिकारियों ने अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना और इलाज के लिए डाक्टरों से बात की।

### बहराइच में शिक्षक की गला रेत कर नृशंस हत्या

**बहराइच.** बहराइच में कैसरगंज स्थित हुकुम सिंह इंटर कालेज के सहायक शिक्षक की सोमवार रात कातिलों ने उनके कोनारी गांव स्थित आवास से कुछ दूरी पर गला रेत कर नृशंस हत्या कर दी। कातिल उनका शव दुग्ध डेयरी के पास फेंक फरार हो गए। परिजनों को इसकी जानकारी लगते ही कोहराम मच गया। वारदात से लोगों के दिल दहल गए हैं। कैसरगंज थाने के कोनारी गांव निवासी 32 वर्षीय श्याम सिंह उर्फ शिवम सिंह कैसरगंज स्थित हुकुम सिंह इंटर कालेज में सहायक शिक्षक के पद पर तैनात थे। सोमवार रात भोजन करने के बाद वह घर से टहलने निकले थे। काफी देर होन पर जब वह घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने घर के किसी सदस्य को उन्हें बुलाने को भेजा। परिजन उनके रास्ते में किसी से बातचीत करने की वजह समझ रहे थे। उनके घर से कुछ ही दूरी पर दुग्ध डेयरी के पास उनकी गला रेती रक्त रंजित लाश पड़ी थी।

# कठुआ में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद

- परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल
- CM धामी ने भी जताया शोक

**कठुआ.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के 5 जवान शहीद हो गए। एक साथ उत्तराखंड के पांच बेटों की शहादत से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचों जांबाजों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

**■ ये हुए शहीद**

इस आतंकी हमले में पौड़ी जिले के ग्राम धामदार निवासी राइफलमैन अनुज नेगी ने बलिदान दिया। इनके अलावा टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, पौड़ी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह शहीद हुए।

**■ शहीद के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल**

हमले में शहीद होने के बाद पूरे उत्तराखंड में यह खबर आग की तरह फैल गई। शहीद परिवारों में सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। शहीदों के घरों में लगातार आसपास के लोग पहुंच रहे हैं और शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। शहीद विनोद सिंह भंडारी मूल रूप से टिहरी के रहने वाले थे। लेकिन 8 साल पहले उनका परिवार डोईवाला के अठूरवाला में शिफ्ट हो गया था। विनोद सिंह भंडारी तीन बहनों में इकलौते भाई थे। उनकी शहादत से पूरे परिवार में दुख की लहर है। लेकिन उन्हें गर्व है कि उनके बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है।

कीर्तिनगर के आदर्श नेगी (26 वर्ष) 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। आदर्श के पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही रहते हैं और खेती-बाड़ी का काम करते हैं। आदर्श ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार में की थी। जिसके बाद B.sc. के दूसरे साल में सेना में भर्ती हो गए थे। आदर्श के तीन भाई बहन हैं जो उनसे छोटे हैं।




**■ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जताया शोक**

■ सीएम ने X पर लिखा- कठुआ जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के दौरान उत्तराखंड के 5 वीर-जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आपका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। सैन्यभूमि उत्तराखंड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव मां भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्रधर्म का निर्वहन किया है।विनम्र श्रद्धांजलि..!

# दिल्ली में इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा

**महिला डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड बांग्लादेशी; 25-30 लाख रुपए में डील होती थी**

**दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार (9 जुलाई) को इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा किया है। मामले में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की एक महिला डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच के DCP अमित गोयल ने बताया कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड एक बांग्लादेशी है।

DCP अमित गोयल ने बताया कि हमने एक डॉनर्स और रिसीवर को भी गिरफ्तार किया है। रैकेट में शामिल रसेल नाम का एक व्यक्ति मरीजों और डॉनर्स की व्यवस्था करता था। वे प्रत्येक ट्रांसप्लांट के लिए 25-30 लाख रुपए लेते थे।



यह रैकेट 2019 से चल रहा था।


रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार महिला डॉक्टर की पहचान 50 साल की डॉ विजया कुमारी के रूप में हुई है। वो फिलहाल निलंबित हैं। वह ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट के साथ काम करने वाली अकेली डॉक्टर हैं। उन्होंने नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में 2021-23 के दौरान लगभग 15-16 ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए थे। सूत्रों ने बताया कि डॉ विजया कुमारी एक सीनियर कंसल्टेंट और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन हैं। उन्होंने 15 साल पहले जूनियर डॉक्टर के तौर पर इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल जॉइन किया था। वह अस्पताल में फी-फॉर-सर्विस यानी काम के आधार पर पैसों, पर काम करती थीं। वह अस्पताल की रेगुलर कर्मचारी नहीं थी। पुलिस ने डॉ विजया के असिस्टेंट विक्रम को भी गिरफ्तार किया है।

**यथार्थ अस्पताल का दावा- डॉ विजया अपने मरीज खुद लाती थी**

नोएडा के यथार्थ अस्पताल के एडिशनल सुपरिटेंडेंट, सुनील बालियान ने बताया कि डॉ विजया उनके अस्पताल में विजिटिंग कंसल्टेंट के रूप में काम कर रही थीं। वह सिर्फ उन्हीं मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट करती थीं, जिन्हें वह खुद लेकर आती थी। अस्पताल की तरफ से उन्हें कोई मरीज नहीं दिया जाता था। डॉ विजया ने पिछले तीन महीनों में एक सर्जरी की थी।

# आजम खान के रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर

- रामपुर में सुबह-सुबह फोर्स लेकर पहुंचा प्रशासन
- पत्नी और बेटे के नाम पर है



**रामपुर.** रामपुर में आजम खान के हमसफर रिजॉर्ट पर 4 घंटे तक बुलडोजर चला। प्रशासन की टीम मंगलवार सुबह 8 बजे 3 बुलडोजर और भारी फोर्स लेकर रिजॉर्ट पहुंची। दोपहर 12 बजे तक ढहाने का काम चलता रहा।

रिजॉर्ट आजम की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्लाह के नाम है। यह ग्राम समाज की जमीन पर बनाया गया था। प्रशासन ने इसे ढहाने का नोटिस दिया, तो तंजीन फातिमा कोर्ट चली गई थीं। वह कोर्ट में केस हार गई थीं।

रिजॉर्ट में 380 स्क्वायर मीटर में किए गए निर्माण कार्य को ढहा दिया गया। इसमें बाउंड्रीवाल, एक इमारत और लॉन शामिल है। हमसफर रिजॉर्ट कुल 20 बीघे जमीन पर बना है। आजम खान इन दिनों सीतापुर जेल में बंद हैं।

# SIT रिपोर्ट में भी भोले बाबा को क्लीनचिट

- हाथरस हादसे पर योगी का पहला एक्शन
- SDM समेत 6 अफसर सस्पेंड



**लखनऊ.** हाथरस हादसे के 7 दिन बाद UP सरकार ने पहला एक्शन लिया। SDM, CO समेत 6 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सरकार ने SIT की रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की। SIT ने सोमवार रात CM योगी को 900 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी।

सरकार ने SIT रिपोर्ट में से 9 पॉइंट पर एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें कहीं भी भोले बाबा का नाम नहीं है। आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाह बताया गया। इस तरह जिला प्रशासन के बाद सरकार से भी भोले बाबा को क्लीन चिट मिल गई है। उसका नाम FIR में भी नहीं था।

जिन अफसरों को सस्पेंड किया गया, उनमें SDM रविंद्र कुमार, CO आनंद कुमार के अलावा इंस्पेक्टर आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार और चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह और पारा चौकी इंचार्ज बृजेश पांडे शामिल हैं। इधर, हाथरस हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को याचिकाकर्ता वकील विशाल तिवारी से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- मैंने कल ही याचिका को लिस्टेड करने का आदेश दिया। याचिका में हादसे की जांच रिटायर्ड जस्टिस की निगरानी में पांच सदस्यीय टीम से कराने की मांग की गई थी।

**SIT ने 150 लोगों के बयान दर्ज किए**


SIT ने रिपोर्ट में कहा- हादसे में साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसकी गहनता से जांच जरूरी है। हादसा आयोजकों की लापरवाही से हुआ। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया। वरिष्ठ अफसरों को इसकी जानकारी तक नहीं दी गई। भीड़ के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। आयोजकों ने बिना पुलिस वैरिफिकेशन जिन लोगों को अपने साथ जोड़ा, उनसे अव्यवस्था फैली है।

### नाबालिग लड़के ने गर्लफ्रेंड के लिए मां-बाप और भाई को मार डाला

गाजीपुर में सोमवार को हुई तीन लोगों की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि परिवार के ही सबसे छोटे नाबालिग बेटे ने की थी। नाबालिग को जिस लड़की से प्यार था परिवार वाले उससे मिलने से रोकते थे। उससे शादी से परिवार ने इनकार कर दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खुरपी समेत खून से सने कपड़ों को बरामद कर लिया है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मुंशी बिंद का 16 वर्षीय छोटा बेटा गांव के ही एक युवती से प्यार करता है। उसी से शादी करना चाहता है।

# विराट के बेंगलुरु स्थित पब पर FIR

- लेट नाइट तेज आवाज में म्यूजिक बजाने का आरोप
- अन्य पब्स के खिलाफ भी केस दर्ज



**बेंगलुरु.** बेंगलुरु में विराट कोहली के पब में देर रात तक तेज आवाज में म्यूजिक बजाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। विराट का one8 Commune पब एमजी रोड पर स्थित है।

डीजीपी सेंट्रल ने बताया कि शनिवार (6 जुलाई) की रात कब्बन पार्क पुलिस थाने की टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। तब one8 रात 1.30 बजे तक खुला मिला था। पब का मैनेजर गलत तरीके के पब को खोले हुए था। बेंगलुरु में रात 1 बजे तक ही पब खोलने की परमिशन है। इसलिए पब के खिलाफ एक्शन लिया गया। one8 के अलावा 3-4 अन्य पब के खिलाफ भी केस दर्ज किए गए हैं। विराट कोहली के one8 कम्यून की दिल्ली, मुंबई, पुणे और कोलकाता में भी ब्रांच हैं। बेंगलुरु की ब्रांच को दिसंबर 2023 में खोला गया था, ये रत्नम कॉम्प्लेक्स की छठी मंजिल पर है। विराट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बेंगलुरु उनका फेवरेट शहर है। इसलिए उन्होंने ब्रांच के लिए बेंगलुरु को चुना था। पिछले साल One8 की मुंबई ब्रांच विवादों में रही थी, जब तमिलनाडु के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसे वेष्टी (धोती) पहनने के कारण पब में एंट्री नहीं दी गई थी। X पोस्ट में उसने कहा था कि पब मैनेजमेंट के इस व्यवहार से वह बहुत दुखी हुआ था।

# पीएम मोदी को मिला रूस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। यह रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। पीएम मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद एक्स पर लिखा, 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं।'

# आतंकियों ने रियासी हमले की थ्योरी कठुआ में दोहराई

- तब ड्राइवर को टारगेट किया, बस खाई में गिरी;
- अब सेना का ट्रक गिराने का प्लान था

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार (8 जुलाई) को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर (JCO) समेत 5 जवान शहीद हो गए। हमले में घायल 5 जवानों को कठुआ के बिलावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से देर रात पठानकोट मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर किया गया है। सेना के सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबल दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के



बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी।

आतंकियों ने पहाड़ी से घात लगाकर सेना के ट्रक पर पहले ग्रेनेड फेंका, फिर स्नाइपर गन से फायरिंग की। सेना ने भी काउंटर फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल में भाग गए। फिलहाल सेना, आतंकियों की तलाश में हेलिकॉप्टर, स्निफर डॉग्स, और ड्रोन की मदद ले रही है।

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, हमले में 3 से 4 आतंकियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। वे एडवांस हथियारों से लैस हैं। ये आतंकी हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करके आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों को हमले में लोकल गाइड ने भी मदद पहुंचाई है।

# गौतम गंभीर बने भारत के नए हेड कोच

- राहुल द्रविड़ की ली जगह
- जय शाह ने किया एलान



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। गंभीर अब राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। ऐसे में बोर्ड को नए कोच की तलाश थी। इस पद के लिए पहले ही इंटरव्यू हो चुके थे।

जय शाह ने एक्स पर लिखा, 'मुझे गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम के नए हेड कोच के रूप में स्वागत करने हुए बेहद खुशी हो रही है। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते समय को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों का सामना करने और विभिन्न भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए एक सही व्यक्ति हैं।

# बुमराह-मंधाना ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

- पहली बार मेंस और विमेंस कैटेगरी में एक ही देश के खिलाड़ी चुने गए






भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विमेंस ओपनर स्मृति मंधाना को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। ICC ने मंगलवार को जून महीने के बेस्ट क्रिकेटर्स की घोषणा की। ऐसा पहली बार हुआ जब एक ही देश के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में मेंस और विमेंस दोनों पुरस्कार जीते हैं। मेंस कैटेगरी में बुमराह के अलावा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज भी नॉमिनेट हुए थे, जबकि विमेंस कैटेगरी में इंग्लैंड की मैया बाउचियर और श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने दावेदारी में शामिल थी।

**■ बुमराह ने हर मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया**

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी टी-20 वर्ल्ड कप में प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। उन्होंने 8 मैचों में 4.17 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और 15 विकेट भी लिए। वह टीम इंडिया के दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे।

**■ मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दो मैचों में दो सेंचुरी लगाई**

मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों में 113 और 136 रनों की पारी खेली थी। वहीं तीसरे मैच में उनके बल्ले से 90 रनों की पारी देखने को मिली। इसके बाद टेस्ट में मंधाना ने अपने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए 149 रनों की पारी खेली जिसके दम पर भारतीय महिला टीम ने विमेंस टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी बना दिया।

# पतंजलि ने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

- सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी;

**नई दिल्ली.** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार (9 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी।

कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। इसमें कंपनी को बताना है कि क्या सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी।

**कोर्ट ने पूछा था- विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को पतंजलि आयुर्वेद से पूछा था कि जिन 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस कैंसिल किए गए हैं। उनके विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पतंजलि को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया था। सुप्रीम कोर्ट पतंजलि के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी इलाज के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है।

उत्तराखंड स्टेट लाइसेंस अथॉरिटी ने अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।


**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**संक्षिप्त ई-निविदा सुचना क्र. 07 सन 2024-25**

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| 1. | भिवंडी पारोळ रस्ता रा.मा. 0/000 ते 16/700 या रस्त्यावर झाडे लावणे ता. भिवंडी, जि. ठाणे. | 16,17,000,00 |
| 2. | कल्याण तालुक्यातील कल्याण शिळ रा.मा. क्र. 81 निळजे (पलावा) ते नारीवली बाळे वाकळण दहिसर रा. मा. क्र. 4 रस्ता प्रजिमा 107. 0/000 ते 11/000 या रस्त्यावर झाडे लावणे ता. कल्याण, जि. ठाणे. | 19,84,500.00 |

1. डाऊन लोड करण्याचा कालावधी : दिनांक. 9-7-2024 ते दिनांक. 16-7-2024
2. निविदा पुर्व बैठक : दिनांक. दुपारी 2.10 वाजता. मुख्य अभियंता, (सा.बां.) प्रादेशिक विभाग, मुंबई.
3. ई-निविदा उघडणे (शक्य असल्यास) : दिनांक. 18-7-224 अधिक्षक अभियंता, सा.बां. मंडळ यांचे कार्यालयात दु.14.00 उघडण्यात येईल

सर्व पात्र / ईच्छुक निविदाकारांनी निविदा पत्रक डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रियेत भाग घेण्यासाठी ई-निविदा प्रणालिच्या https//mahatenders.gov.in या पोर्टलवर portal वर enrolled करणे आवश्यक आहे.

जा.क्र. ठावि/निविदा / 7187
कार्यकरी अभियंता यांचेकार्यालय,
सा.बा. विभाग, क्र.1 ठाणे
दिनांक - 8/7/2028

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
सा.बां. विभाग, क्र 1 ठाणे

## संक्षेप...

### पिता और पुत्र ने चलती ट्रेन के आगे की आत्महत्या

**भायंदर.** भायंदर रेलवे स्टेशन के पास एक पिता और पुत्र ने चलती ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली. घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की है. इनके नाम हरीश मेहता (60) और जय मेहता (30) हैं। वसई रेलवे पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उन्होंने आत्महत्या क्यों की। मेहता परिवार वसंत नगरी, वसई में रहता है।

# मरीन लाइंस अब होगा मुंबा देवी

- मुंबई के 7 रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव मंजूर

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधान परिषद ने मुंबई लोकल ट्रेन नेटवर्क पर 7 स्टेशनों के नामों को बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी की महायुति सरकार अब केंद्र सरकार की स्वीकृति के लिए नए नामों को उसके पास भेजेगी। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल द्वारा पेश प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मुंबई लोकल ट्रेन नेटवर्क पर ज्यादातर स्टेशन के नाम अंग्रेजी में हैं और ऐसी दलील दी जाती है कि वे औपनिवेशिक विरासत को दर्शाते हैं। प्रस्ताव के अनुसार करी रोड स्टेशन का नाम बदलकर लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का डोंगरी, मरीन लाइंस का मुंबादेवी और चर्नी रोड का नाम बदलकर गिरगांव किया जाएगा। सैंडहर्स्ट रोड का नाम मध्य लाइन के साथ ही हार्बर लाइन पर भी बदला जाएगा। अन्य स्टेशन में से कॉटन ग्रीन स्टेशन का नाम बदलकर काला चौकी, डॉकयार्ड रोड का मझगांव और किंग सर्किल का नाम बदलकर तीर्थंकर पार्श्वनाथ किया जाएगा। मुंबई में पहले भी स्टेशन के नाम बदले गए हैं जैसे कि ऐतिहासिक स्टेशन विक्टोरिया टर्मिनल का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और एलफिन्स्टन रोड का नाम बदलकर प्रभादेवी किया गया था।

इस बीच विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में हवाई अड्डे का नाम बदलने के संबंध में एक सवाल उठाया। इस हवाई अड्डे को अब भी औरंगाबाद हवाई अड्डा कहा जाता है। उपाध्यक्ष नीलम गोरहे ने यह कहते हुए चर्चा के लिए दानवे की मांग ठुकरा दी कि संबंधित मंत्री उनके इस सवाल पर बाद में जवाब दे सकते हैं। महाराष्ट्र सरकार ने पहले भी मराठावाड़ा क्षेत्र में औरंगाबाद और उस्मानाबाद जिलों का नाम बदलकर क्रमशः संभाजीनगर और धाराशिव किया था। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए के दलों ने राष्ट्रवाद का दांव चलते हुए नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## मुंबई हिट एंड रन केस

# आरोपी मिहिर गिरफ्तार





- घटना के 60 घंटे बाद कार्रवाई
- महिला को 1.5km घसीटने के बाद कार रोकी थी

**मुंबई.** मुंबई BMW हिट एंड रन केस के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। मिहिर की गिरफ्तारी घटना के करीब 60 घंटे बाद हुई। मिहिर, शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा है। मिहिर को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने 11 टीमें बनाई थीं। साथ ही क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया। उसके खिलाफ एक लुक आउट सर्कुलर (LOC) भी जारी किया गया था।

इससे पहले वर्ली पुलिस ने पिता राजेश शाह और ड्राइवर राजऋषि राजेंद्र सिंह बीदावत को गिरफ्तार कर किया था। दोनों को 8 जुलाई को सेवरी कोर्ट में पेश किया गया था।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद राजेश को शाह को ज्यूडीशियल कस्टडी और ड्राइवर बीदावत को एक दिन की पुलिस रिमांड में भेजा था। राजेश ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिस पर कोर्ट ने उसे 15 हजार रुपए के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी।

### मिहिर ने महिला को डेढ़ किमी घसीटने के बाद कार रोकी थी

पुलिस के मुताबिक, BMW जहां से निकली, वहां से मिले CCTV फुटेज में यह दिखा कि मिहिर शाह ने मरने वाली कावेरी नखवा को 1.5 किलोमीटर तक घसीटने के बाद कार रोकी थी। इसके बाद मिहिर ने अपने ड्राइवर राजऋषि राजेंद्र सिंह बीदावत के साथ सीट बदली। स्टेयरिंग संभालने के बाद ड्राइवर ने कार पीछे की तरफ चलाई और सड़क पर गिरी कावेरी को कुचला। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए थे।

# सलमान को जान से मारना नहीं चाहते थे हमलावर

- फायरिंग केस की चार्जशीट में खुलासा
- एक्टर का दावा- लॉरेंस गैंग सिर्फ पैसा ऐंठना चाहती है

**मुंबई.** सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर फायरिंग मामले में नवी मुंबई पुलिस ने मकोका कोर्ट में 1736 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें लॉरेंस समेत 9 आरोपियों के नाम हैं। इनमें से 5 की गिरफ्तारी हो चुकी है। लॉरेंस पहले से ही अन्य मामलो में जेल में बंद है। इसमें बताया गया है कि गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग करने वाले दोनों बाइक सवार सलमान को जान से मारने के इरादे से नहीं आए थे। चार्जशीट में बताया गया है कि बाइक सवार फायरिंग करके फिल्म इंडस्ट्री में डर पैदा करना चाहते थे, ताकि शहर में दूसरे गिराहों की गैरमौजूदगी में वसूली कर सकें। आरोपियों ने दूसरे मेगास्टार के घर की भी रेकी की थी।



चार्जशीट में अनुज थापन का भी जिक्र है, जिसने 1 मई को पुलिस की कस्डटी में सुसाइड कर लिया था। चार्जशीट में सलमान का बयान है। उन्होंने कहा, 'मुझे और मेरे परिवार को झूठ में निशाना बनाया जा रहा है। मैंने कुछ गलत भी नहीं किया है। ये सारी चीजें मुझसे पैसे ऐंठने के लिए की जा रही है।' उन्होंने पहले मिली धमकियों का भी जिक्र किया।

### 24 अप्रैल को गिरफ्तार किए गए थे 4 आरोपी

14 अप्रैल को सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग हुई थी। नवी मुंबई पुलिस ने 24 अप्रैल को लॉरेंस गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे।इ न आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ न्हाई, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और जीशान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर हुई थी। मामले में पांचवें आरोपी को पुलिस ने 3 जून को हरियाणा से पकड़ा था। पुलिस ने इस मामले में लॉरेंस, उसके भाई अनमोल, गोल्डी बराड़ समेत कुल 18 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है।

### शार्ट सर्किट से झुलसी महिला की मौत

**मुंबई.** सांताक्रूज पूर्व में दत्त मंदिर रोड पर वकोला पाइप लाइन के पास हाजी सिद्दीकी चाल की एक झोपड़ पट्टी में सोमवार को भारी बारिश के बीच शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण आग लगने की घटना घटी इस दुर्घटना में शांता कृष्णा आचार्य नामक 72 वर्षीय महिला बुरी तरह झुलस गई है।

महिला को इलाज के लिए व्हीएन देसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर अस्पताल के डाक्टर तौफ़ीक़ अन्सारी ने महिला को इलाज पूर्व ही मृत घोषित कर दिया।

### अतिक्रमण व निष्कासन विभाग के अधिकारियों के संपत्ति के जांच की मांग

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अनधिकृत होटल, पब, हुक्का पार्लर, बार का व्यवसायी को पीछे से मदत करने वाले मनपा के अतिक्रमण व निष्कासन विभाग के अधिकारियों के संपत्ती के जांच की मांग के लिए मनसे के महासचिव संदीप पाचंगे ने मनपा आयुक्त सौरभ राव को निवेदन दिया।मुख्यमंत्री के अनधिकृत निर्माण कार्य को ध्वस्त करने के आदेश का पाचंगे ने आभार व्यक्त किया।महानगरपालिका क्षेत्र के येऊर, उपवन परिसर, घोडबंदर रोड, कोठारी कंपाऊंड आदि जगहों पर चल रहे अवैध रूप से हॉटेल, बार, पब, हुक्का पार्लर आदि पर अतिक्रमण हटाने के लिए नागरिकों के टैक्स के धन का उपयोग किया जाता है।

अतिक्रमण व निष्कासन विभाग के अधिकारी अवैध निर्माण कार्य ध्वस्त करने के लिए क्या मुख्यमंत्री के आदेश का राह देख रहे थे? यह सवाल संदीप पाचंगे ने किया है।शहर के जागरूक नागरिक,लोकप्रतिनिधी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने इसके पहले अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन पत्र मनपा को दिया था अतिक्रमण हटाने के लिए किसने रोका?अतिक्रमण विभाग कई सालों से टैक्स के पैसों का दुर्पयोग अब नही चलेगा।अवैध तरीके से व्यवसाय करने वाले व उस व्यवसाय को सहयोग करने वाले दोनों ही दोषी होते हैं।

# सांसद नरेश म्हस्के पहुंचे मनपा आपदा प्रबंधन कक्ष



- बरसात में अधिकारी व कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए कहा

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर में दो दिन से लगातार मूसलाधार बरसात को देखते हुए मनपा मुख्यालय स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष में अधिकारी व कर्मचारियों से यंत्रणा व बरसात के स्थिति की जानकारी ली।साथ ही 24x7 अधिकारी व कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए निर्देश दिया।

वंदना टाकीज, जांभली नाका, पेढ़या मंदिर के इलाकों में बरसात में पानी भर जाता है इसके लिए पानी निकालने के लिए पंप की व्यवस्था के लिए कहा।मनपा परिवहन प्रबंधक बेहरे को मिनी बस की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देश दिया।ठाणे रेलवे स्टेशन व मुलुंड रेलवे स्टेशन पर बसों की फेरी बढ़ाने के लिए कहा ताकी प्रवासियों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुचने के कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

इस अवसर शिवसेना ठाणे महापालिका क्षेत्र संघटक अशोक वैती, कोपरी पाचपाखाडी शिवसेना शहरप्रमुख राम रेपाले, परिवहन सभापती विलास जोशी,पूर्व नगरसेवक संजय भोईर, युवा सेना नितीन लांडगे, ऋषिकेश माने, जितेश गुप्ता, अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, सचिन पवार,आपदा प्रबंधन अधिकारी वाय.एम. तडवी आदि उपस्थित थे।

# भिवंडी मनपा का मुख्य लेखा विभाग विवादों के घेरे में

- मनपा प्रशासक अजय वैद्य द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा मुख्य लेखा परीक्षक मयूर हिंगाणे द्वारा प्रशासनिक फाइलों को क्लियर करने में अनायास बिलंब किए जाने का संगीन आरोप प्रकाश में आया है.मनपा अधिकारियों एवम ठेकेदारों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य ने मुख्य लेखा परीक्षक मयूर हिंगाणे को कारण बताओ नोटिस देकर फाइलों का अविलंब निस्तारण के निर्देश दिए हैं अन्यथा मनपा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा मुख्य लेखा परीक्षक मयूर हिंगाणे द्वारा कई अधिकारियों,ठेकेदारों द्वारा अनायास परेशान कर मोटी रकम लेकर फाइलों को निपटाने की शिकायत मनपा प्रशासन के समक्ष की गई हैं.मुख्य लेखा परीक्षक हिंगाणे पर आरोप है कि, वे मुंहमांगी रकम लिए बगैर किसी भी फाइल को क्लियर नहीं करते हैं.ठेकेदारों की तो छोड़िए मनपा अधिकारियों द्वारा लेखा विभाग में भेजी गई आत्याश्यक फाइलें भी डिमांड पूरी नहीं होने तक टेबल पर पड़ी हुई धूल खाती हैं. सूत्रों की



माने तो आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त,शहर अभियंता,जलापूर्ति विभाग जैसे अहम विभागों से फाइनल होकर गई जरूरी फाइलें भी बगैर लेनदेन संबंधित लोगों के पास वापस नहीं भेजी जाती हैं. ठेकेदारों का बिल भुगतान भी डिमांड पूर्ण होने के बाद ही किया जाता है. मनपा प्रशासन द्वारा क्लियर की गई मनपा अधिकारियों की इंक्वायरी फाइल भी डिमांड नहीं पूरी होने पर वे अनायास कुछ फालतू प्वाइंट निकालकर फाइलों को क्लियर नहीं करते हैं.आलम यह है कि मनपा लेखा विभाग में फैले भारी भ्रष्टाचार की वजह से मनपा प्रशासन की भी बदनामी हो रही है. सूत्रों की मानें तो भ्रष्ट रवैए की वजह से निकट भविष्य में एसीबी की रेड होने से इंकार नहीं किया जा सकता है.मनपा लेखा विभाग लेखा विभाग मुख्य लेखा निरीक्षण मयूर हिंगाणे की भ्रष्ट कार्यप्रणाली से अधिकारी, ठेकेदार सभी परेशान हो चुके हैं.मनपा प्रशासक अजय वैद्य ने प्रलंबित जरूरी फाइलों की सूची भेजकर ज़बाब तलब किया है.



मुख्य लेखा निरीक्षक मयूर हिंगाणे की कई शिकायतें मिली हैं. प्रशासनिक फाइलों को निपटाने की समय सीमा तय है.नोटिस देकर ज़बाब तलब किया है.मनपा कार्यों में मनमानी करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई जरूर की जाएगी.

**-अजय वैद्य**
प्रशासक, मनपा आयुक्त

# पानी-कीचड़ से रहिवासी परेशान

**भिवंडी.** कामतघर परिसर में स्थित टीचर कालोनी के रहिवासी गंदगी व बरसाती पानी से परेशान है.बारिश की भारी गंदगी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है.कामत घर परिसर में सड़क निर्माण निर्माणाधीन होने के कारण गटर व नाले पूरी तरह से मिट्टी से जाम हो चुके हैं. मनपा आरोग्य व स्वच्छता विभाग में इसकी शिकायत करने के बाद भी नालियां साफ नही करायी गई.कालोनी के रहिवासियों ने बताया कि कालोनी के मुख्य गेट के बाहर आरसीसी सड़क निर्माण का



कार्य चलने से अधिकांश नाले वा नालियां टूट गई है अथवा मिट्टी व पत्थर से बंद हो चुके है.भारी बरसात होने के कारण सड़क निर्माण का काम बंद पड़ा है. बरसाती पानी रहिवासी परिसर में पहुँचकर गंदगी फैला रहा है. गलियों की नालियों की सफाई के लिए बार बार मनपा प्रभाग क्रमांक समिति 3 कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है. टीचर कालोनी के मुख्य गेट के सामने हमेशा पानी भरा रहता है. कालोनी के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है. कीचड़ व गंदगी में सड़क पर चलकर जाना पड़ता है. स्थानीय रहिवासियों ने आयुक्त अजय वैद्य से नालियों की सफाई व सड़क पर मिट्टी डालने की मांग की है.

### आम सूचना

मैं श्रीमती राजकुमारी सोहनलाल बदोलिया सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, रविंद्र नगर, बैरक नं. 69 के सामने, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 39डीओ008629800) उक्त प्रॉपर्टी श्री भरत सोहनलाल बदोलिया व श्रीमती हर्षा भरत बदोलिया के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 31.3.2023 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती राजकुमारी सोहनलाल बदोलिया**

# असफल शादियों पर श्वेता तिवारी का छलका दर्द



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी दोनों असफल शादियों पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे इंटर कास्ट मैरिज की वजह से उनकी मां को ताने मारे गए। उनकी शादी को पहले ही जज किया जाने लगा। घरेलू हिंसा के बाद भी बेटी पलक के कारण उलझे हुए रिश्ते से जुड़ी रहीं। गलाटा इंडिया से बातचीत के दौरान श्वेता तिवारी ने पहले पति राजा चौधरी और दूसरे पति एक्टर अभिनव कोहली के साथ रिश्तों पर बात की। श्वेता तिवारी की राजा चौधरी से शादी 1998 में हुई थी। एक्ट्रेस ने साल 2007 में घरेलू हिंसा और राजा चौधरी की शराब की लत का आरोप लगाते हुए तलाक के लिए अर्जी दी थी।

शादी के 9 साल के बाद तलाक लेने की बात पर श्वेता तिवारी ने कहा- मैं अपनी बेटी पलक के बड़े होने पर पिता का साथ ना होने के कारण परेशान थी। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि आपकी फैमिली तभी खुश रह सकती है जब आप मेंटली खुश हो। बिखरे हुए परिवार में रहकर बच्चों की अच्छी परवरिश नहीं हो सकती है। इससे बेहतर है कि अगर दो लोग साथ नहीं रह सकते तो उन्हें अलग हो जाना चाहिए।

पहले पति राजा चौधरी से तलाक लेने के बाद श्वेता तिवारी ने एक्टर अभिनव कोहली से तीन साल डेट करने के बाद 2013 में शादी की। दोनों का एक बेटा रेयांश कोहली भी हुआ। लेकिन 2019 में एक्ट्रेस ने घरेलू हिंसा और बेटी पलक तिवारी पर उत्पीड़न का आरोप अभिनव पर लगाया, जिसके बाद उसी साल दोनों अलग हो गए। श्वेता कहती हैं, 'जिन लोगों की जिंदगी छोड़कर जा चुकी हूं,आज वो लोग पछता रहे हैं।'

दोनों शादियां टूटने के बाद श्वेता तिवारी अब अकेले ही अपने दोनों बच्चों पलक और रेयांश की परवरिश कर रही हैं। इसी बीच सीरियल 'इमली' के लीड एक्टर फहमान खान और श्वेता तिवारी के बीच डेटिंग की बातें सामने आ रही हैं।

### आम सूचना

मैं श्री ललन महेंद्र शाह सभी को सूचित कर रहा हूं कि नंदी पैलस, पहला, दूसरा व टैरेस, गुरु गोबिंदसिंह हाईस्कूल के सामने, कल्याण अंबरनाथ रोड, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीआय020185100) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामदास कलप्पा बालागांवकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.18.6.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री ललन महेंद्र शाह**

### आम सूचना

मैं श्री संदीप कचरू निगुट सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, संतोष नगर, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ0099986400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनिया भास्कर शिरके के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.8.7.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संदीप कचरू निगुट**

### आम सूचना

मैं श्री अनिल त्रिवेणी गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 9, ग्राऊंड फ्लोर, जय गजानंद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, आरके डाईंग के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 54डीओ013517300) उक्त प्रॉपर्टी श्री विष्णु लालचंद माखीजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.25.5.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल त्रिवेणी गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री प्रदीपकुमार त्रिवेणी गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 703, सातवां माला, राजीव अपार्टमेंट, बैरक नं. 422, गोल मैदान, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय015409300) उक्त प्रॉपर्टी श्री अजय रमेश कपूर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.22.2.2010 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रदीपकुमार त्रिवेणी गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री अनिल त्रिवेणी गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 701 व 702, सातवां माला, राजीव अपार्टमेंट, बैरक नं. 422, गोल मैदान, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय015409100 - 12बीआय015409200) उक्त प्रॉपर्टी श्री अजय रमेश कपूर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.22.2.2010 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल त्रिवेणी गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री रामजीवन नगेसर गौतम सभी को सूचित कर रहा हूं कि घर, बैरक नं. 906, सेक्शन 20, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 33सीओ006165900) उक्त प्रॉपर्टी श्री गफूलाल ए.गुप्ता के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.11.2012 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामजीवन नगेसर गौतम**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099